# J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in


**NEWS CLIPPING:20.09.2023**

## AAJ SAMAJ

### जेसी बोस विश्वविद्यालय व रेकर्स मेक्ट्रोनिक्स के बीच हुआ समझौता

# औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप छात्रों को व्यावहारिक अनुभव देना जरूरीः कुलपति

बलदेव कुमार

**फरीदाबाद।** विद्यार्थियों के व्यावहारिक कौशल और उद्योग-तत्परता को बढ़ावा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आईआईओटी एवं क्लाउड कंप्यूटिंग जैसे उभरते क्षेत्र में समाधान एवं सेवा प्रदाता कंपनी रेकर्स मेक्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता किया है।

इस सहयोग का उद्देश्य विद्यार्थियों को औद्योगिक परियोजनाओं पर व्यावहारिक अनुभव प्रदान करवाना है ताकि उनकी तकनीकी कौशल क्षमता को बढ़ाया जा सके। समझौते पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील



कुलपति प्रो. एसके तोमर की उपस्थिति में समझौते का आदान-प्रदान करते हुए।

कुमार तोमर की उपस्थिति में विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ मेहा शर्मा और रेकर्स मेक्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री रमन कुमार सूद ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर निदेशक (आरएंडडी) डॉ. मनीषा गर्ग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्षा डॉ. अंजू गुप्ता, सहभागिता एवं उद्योग संपर्क मामलों की प्रभारी डॉ. रश्मी पोपली, रेकर्स मेक्ट्रोनिक्स के निदेशक संदीप सिंह तथा रॉकवेल ऑटोमेशन के प्रबंधक (सीएसएम) अभिजात द्विवेदी उपस्थित थे। प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप अकादमिक शिक्षा को जोड़ने के महत्व पर बल देते हुए समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज की तेजी से विकसित हो रही दुनिया में यह जरूरी है कि छात्रों को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो।

उन्होंने समझौते के क्रियान्वयन पर बल देते हुए कहा कि आईआईओटी तथा क्लाउड कंप्यूटिंग जैसे उभरते प्रौद्योगिकीय क्षेत्रों में छात्रों को सशक्त बनाने के लिए ऐसी औद्योगिक सहभागिता जरूरी है। इसलिए, समझौते के अंतर्गत इस बात को सुनिश्चित करना होगा कि इसका लाभ छात्रों को हो। इस अवसर पर बोलते हुए रमन कुमार सूद ने कहा कि रेकर्स मेक्ट्रोनिक्स आईआईओटी, डिजिटलीकरण सेवाओं, क्लाउड कंप्यूटिंग समाधान की अग्रणी प्रदाता कंपनी है, जिसने विभिन्न उद्योगों में तकनीकी उत्कृष्टता और नवाचार के लिए प्रतिष्ठा हासिल की है। उन्होंने कंपनी की विशेषज्ञता के क्षेत्रों और शैक्षिक परिदृश्य को आकार देने में इसकी भूमिका पर बल दिया।

उन्होंने युवा प्रतिभाओं के कौशल विकास को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस समझौते के माध्यम से कंपनी का उद्देश्य छात्रों को औद्योगिक कार्य प्रणाली एवं परियोजनाओं पर काम करने का वास्तविक अनुभव एवं मार्गदर्शन प्रदान करना है ताकि वे अपने व्यावहारिक कौशल को बढ़ाने में सक्षम हो सकें।

**NEWS CLIPPING:20.09.2023**

# PIONEER

## छात्रों के कौशल विकास के लिए वाईएमसीए व रेकर्स मेक्ट्रोनिक्स के बीच समझौता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**विद्यार्थियों** के व्यावहारिक कौशल और उद्योग-तत्परता को बढ़ावा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आईआईओटी एवं क्लाउड कंप्यूटिंग जैसे उभरते क्षेत्र में समाधान एवं सेवा प्रदाता कंपनी रेकर्स मेक्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता किया है। इस सहयोग का उद्देश्य विद्यार्थियों को औद्योगिक परियोजनाओं पर व्यावहारिक अनुभव प्रदान करवाना है, ताकि उनकी तकनीकी कौशल क्षमता को बढ़ाया जा सके।

समझौते पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा और रेकर्स मेक्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रमन कुमार सूद ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर निदेशक (आरएंडडी) डॉ. मनीषा गर्ग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्षा डॉ. अंजू गुप्ता, सहभागिता एवं उद्योग संपर्क मामलों की प्रभारी डॉ. रश्मि पोपली, रेकर्स मेक्ट्रोनिक्स के निदेशक संदीप सिंह तथा रॉकवेल ऑटोमेशन के प्रबंधक अभिजात द्विवेदी उपस्थित थे।



प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप अकादमिक शिक्षा को जोड़ने के महत्व पर बल देते हुए समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज की तेजी से विकसित हो रही दुनिया में यह जरूरी है कि छात्रों को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो। उन्होंने समझौते के क्रियान्वयन पर बल देते हुए कहा कि आईआईओटी तथा क्लाउड कंप्यूटिंग जैसे उभरते प्रौद्योगिकीय क्षेत्रों में छात्रों को सशक्त बनाने के लिए ऐसी औद्योगिक सहभागिता जरूरी है। इसलिए समझौते के अंतर्गत इस बात को सुनिश्चित करना होगा कि इसका लाभ छात्रों को हो।

इस अवसर पर बोलते हुए रमन कुमार सूद ने कहा कि रेकर्स मेक्ट्रोनिक्स आईआईओटी, डिजिटलीकरण सेवाओं, क्लाउड कंप्यूटिंग समाधान की अग्रणी प्रदाता कंपनी है, जिसने विभिन्न उद्योगों में तकनीकी उत्कृष्टता और नवाचार के लिए प्रतिष्ठा हासिल की है। उन्होंने कंपनी की विशेषज्ञता के क्षेत्रों और शैक्षिक परिदृश्य को आकार देने में इसकी भूमिका पर बल दिया। उन्होंने युवा प्रतिभाओं के कौशल विकास को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस समझौते के माध्यम से कंपनी का उद्देश्य छात्रों को औद्योगिक कार्य प्रणाली एवं परियोजनाओं पर काम करने का वास्तविक अनुभव एवं मार्गदर्शन प्रदान करना है।

**NEWS CLIPPING:20.09.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने रेकर्स मेक्ट्रोनिक्स के साथ किया MOU

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

**जेसी बोस** यूनिवर्सिटी ने IIOT व क्लाउड कंप्यूटिंग के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी रेकर्स मेक्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ MOU किया है। इसका उद्देश्य छात्रों को औद्योगिक परियोजनाओं पर व्यवहारिक अनुभव प्रदान करवाना है ताकि उनकी तकनीकी कौशल क्षमता को बढ़ाया जा सके। समझौते पर यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में कुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा व रेकर्स मेक्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रमन कुमार सूद ने हस्ताक्षर किए।